मैया जाएंगे बहन के देश

जल्दी से कर दे मैया कोथरी,
मैया जाएंगे बहन के देश, पपैया बोले बाग में...

मीठी तो कर दई बेटा कोथरी,
मेरे बेटा बहना को लाना अपने साथ, पपैया बोले बाग में...

ले लै री मौसी अपनी कोथरी,
मेरी मौसी बहना को कर दो तैयार, पपैया बोले बाग में...

मीठी तो लागे बेटा कोथली,
मेरे बेटा बहना ना जावे तेरे साथ, पपैया बोले बाग में...

तीजों का बड़ा त्यौहार है,
मेरी बहना झूला तो झूले बाबुल बाग, पपैया बोले बाग में...

सखी सहेली सब जा रही,
मेरी मौसी बहना तो जाएगी मेरे साथ, पपैया बोले बाग में...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28374/title/mayia-jayenge-behan-ke-desh

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |